अमर उजाला 06/04/2024

रोजगार मेले में 132 अभ्यर्थियों का चयन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से 132 विद्यार्थियों के नौकरी पाने का सपना साकार हुआ है।प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि जीएमएन कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने शिरकत की एवं उद्यमी छात्रों को रोजगार संबंधित अवसरों के लिए चयन का मौका दिया।

प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ अनुपमा सिहाग ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज की ओर आयोजित रोजगार मेले में कुल 20 कंपनियों ने शिरकत की थी। प्लेसमेंट सेल के सह प्रभारी श्याम रहेजा ने बताया कि लगभग ढाई सौ विद्यार्थियों ने इस रोजगार मेले के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमें से कल 132 विद्यार्थियों का चयन नौकरी के लिए किया गया है। संवाद